आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 17.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में वर्ष 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। उत्तराखण्ड निवासी पैरा शूटिंग कोच सुभाष राणा द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 का उद्घाटन किया।
- प्रदेश में भूतापीय ऊर्जा के अन्वेषण और विकास को लेकर उत्तराखण्ड सरकार और आइसलैंड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेश में सभी भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी और समयबद्धता से पूरा किए जाने की जरूरत पर बल दिया।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में वर्ष 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलिंपिक्स में दो पदक विजेता मनु भाकर, पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उत्तराखण्ड निवासी प्रसिद्ध पैरा शूटिंग कोच सुभाष राणा को खेल प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुभाष राणा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि ये प्रदेशवासियों के लिए गौरवपूर्ण क्षण है।

मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के लोगों की आकांक्षाओं से संचालित भारत का ओटोमोबाईल क्षेत्र अभूतपूर्व कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में छह दिवसीय भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश के ओटो उद्योग में पिछले वर्ष बारह प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया पहल की शक्ति से देश के ओटो उद्योग की वृद्धि को समर्थन मिल रहा है।

राष्ट्रीय खेल

प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों को लेकर उत्साह का माहौल है। आज राष्ट्रीय खेलों की मशाल तेजस्विनी और शुभंकर मौली का जिला मुख्यालय उत्तरकाशी आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान एक रैली भी निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मनेरा स्टेडियम में संपन्न हुई। इस बीच, तेनज़िंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार से सम्मानित पिथौरागढ़ निवासी पर्वतारोही शीतल ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना गर्व की बात है।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय

हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय और केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के शोधकर्ता और शिक्षक मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान और अनुभव का आदान–प्रदान करेंगे। इसके अलावा यह साझेदारी छात्रों के लिए भी नई संभावनाओं और अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिसमें वे उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान और शिक्षा में भाग ले सकेंगे।

आइसलैंड समझौता ज्ञापन

प्रदेश में भूतापीय ऊर्जा के अन्वेषण और विकास को लेकर उत्तराखण्ड सरकार और आइसलैंड की एक कंपनी के बीच सचिवालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे उत्तराखंड के साथ ही देश की ऊर्जा सुरक्षा और सतत् विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही पर्यावरण सुरक्षा और समावेशी विकास के मार्ग को भी प्रशस्त करेगा। गौरतलब है कि भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण और वाडिया हिमालय भू–विज्ञान संस्थान देहरादून द्वारा किए गए आकलन के अनुसार राज्य में लगभग 40 भू–तापीय स्थल चिन्हित किए गए हैं, जिसमें भूतापीय ऊर्जा का दोहन किया जा सकता है।

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेश में सभी भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्धता से पूरा किए जाने की जरूरत पर बल दिया है। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. रवि दत्त गोदियाल और आयोग के अन्य सदस्यों ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर आयोग का 23वां वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा। राज्यपाल ने कहा कि आयोग टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचारों को अपनाते हुए अपनी कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के पास राज्य के लिए उत्कृष्ट और योग्य मानव संसाधन चयनित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दौरान आयोग द्वारा वर्षभर में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं, चयन प्रक्रियाओं और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

निकाय चुनाव प्रचार

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है। भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक पार्टियों के स्टार प्रचारक जनसभाएं और रोड शो के जरिए पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टिहरी नगर पालिका क्षेत्र से भाजपा के पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी और अन्य सभासद उम्मीदवारों के पक्ष में आयोजित जनसभा में पार्टी प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की।

चुनाव प्रशिक्षण

चमोली जिले में निकाय चुनाव को लेकर आज पी.जी. कॉलेज गोपेश्वर में मतगणना कार्मिकों को पहला प्रशिक्षण दिया गया। इनमें रिजर्व सहित 46 मतगणना पर्यवेक्षक और 138 मतगणना सहायक शामिल हैं। इस दौरान सभी कार्मिकों को मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। जिले की सभी निकायों की मतगणना राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर में होगी। इसके लिए 35 टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक और तीन मतगणना सहायक रहेंगे।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड में डिजिटलीकरण के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे पारदर्शिता और कुशलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया है। राज्यपाल से देहरादून में आज केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर दिग्विजय सिंह बसेरा ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को केंद्रीय सैनिक कल्याण के विभिन्न क्रिया–कलापों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि सैनिक कल्याण योजनाओं का प्रचार–प्रसार दूरस्थ क्षेत्रों तक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इनसे जुड़ सकें। उन्होंने पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले सैनिक परिवारों तक पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में कल से उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। इस बीच, आज राजधानी सहित अधिकांश जिलों में मौसम साफ रहा।